महाराणा प्रताप महाविद्यालय
22/1/23
ग्रन्थालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

# HND 513

# M.A. III$^{rd}$ SEMESTER EXAMINATION, 2022-23

# HINDI

## हिन्दी उपन्यास

## (CBCS MODE)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**8385**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) | | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________________

Roll No. (In Words) : ____________________

**Time : 1 Hour**
**समय : 1 घण्टा**

**Max. Marks : 60**
**अधिकतम अंक : 60**

**नोट : पुस्तिका में 40 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. "वैवाहिक जीवन के प्रभात में लालसा अपनी गुलाबी मादकता के साथ उदय होती है और हृदय के सारे आकाश को अपने माधुर्य की सुनहरी किरणों से रंजित कर देती है"

उपर्युक्त गद्यांश है –

(A) 'त्याग पत्र' से

(B) आधा गाँव से

(C) शेखर एक जीवनी से

(D) 'गोदान से'

2. "हम या तो साम्यवादी हैं या नहीं है। हैं तो उसका व्यवहार करें, नहीं हैं, तो बकना छोड़ दें।"

उपर्युक्त कथन है –

(A) राय साहब का

(B) मेहता का

(C) खन्ना का

(D) होरी का

3. "जब दूसरे के पांव तले अपनी गर्दन दबी हुई है, तो उन पांवों को सहलाने में ही कुशल है।"

उपर्युक्त कथन है –

(A) होरी का

(B) मातादीन का

(C) मेहता का

(D) धनिया का

4. "हम लोग तो बैल हैं और जुतने के लिए पैदा हुए हैं।"

उपर्युक्त कथन है –

(A) हीरा का

(B) होरी का

(C) झिगुरी सिंह का

(D) सहुआईन का

5. "गंगा इस नगर के सिर पर और गालों पर हाथ फेरती रहती है, जैसे कोई माँ अपने बीमार बच्चे को प्यार कर रही हो"

उपर्युक्त गद्यांश है –

(A) गोदान से

(B) आधा गांव से

(C) झूठा सच से

(D) त्याग पत्र से

6. 'निमाज के वास्ते खाली ईमान की जरूरत है। खुदाबन्द ताला साफ–साफ फरमा दिहिस है की ऐ मेरे पैगम्बर कह दे ई लोग से ही हम इमान वालन के साथ हैं।'

उपर्युक्त गद्यांश है –

(A) 'झूठा सच' से

(B) 'गोदान' से

(C) 'आधा गांव' से

(D) 'त्याग पत्र' से

7. "युग एक बिना जिल्द की किताब की तरह एक खुले मैदान में पड़ा हुआ है। हवा की हल्की सी लहर भी इसके पन्ने उलटती–पलटती रहती है।"

उपर्युक्त कथन है –

(A) प्रेमचन्द का

(B) यशपाल का

(C) जैनेन्द्र का

(D) राही मासूम रजा का

8. कलाकार के लिए कला की अन्तः शक्ति के उद्‌बोध के बाद सबसे महत्वपूर्ण विभूति है कला के प्रति एक पवित्र आदरभाव।

उपर्युक्त उद्धरण है –

(A) 'त्याग पत्र' से

(B) 'गोदान' से

(C) 'शेखर एक जीवनी' से

(D) 'आधा गांव' से

9. "साहित्य का निर्माण, मानो जीवित मृत्यु का आह्वान है।"

उपर्युक्त कथन है –

(A) अज्ञेय का

(B) प्रेमचंद का

(C) जैनेन्द्र का

(D) यशपाल का

10. "मैं घृणा के संसार में इतना कुचला गया हूँ कि प्यार मेरा अपरिचित हो गया है"

उपर्युक्त कथन है –

(A) शेखर का

(B) शशि का

(C) शारदा का

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

11. 'अधखिला फूल' उपन्यास के लेखक हैं –

(A) गौरी दत्त

(B) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध

(C) वालकृष्ण भट्ट

(D) ठा० जगमोहन सिंह

12. 'चन्द्रकांता' उपन्यास के लेखक हैं –

(A) गोपाल राम गहमरी

(B) देवकी नन्दन खत्री

(C) किशोरी लाल गोस्वामी

(D) श्रीनिवास दास

13. 'धूर्त रसिक लाल' उपन्यास के लेखक हैं –

(A) लज्जा राम मेहता

(B) ठाकुर जगमोहन सिंह

(C) राधाकृष्ण दास

(D) देवकी नन्दन खत्री

14. 'चंद हसीनों के खतूत' उपन्यास के लेखक हैं –

(A) चण्डी प्रसाद 'हृदेश'

(B) शिवपूजन सहाय

(C) पाण्डेय वेचन शर्मा 'उग्र'

(D) जयशंकर प्रसाद

15. प्रेमचंद युग के उपन्यासकार नहीं हैं –

(A) जैनेन्द्र

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) राही मासूम रज़ा

(D) शिवपूजन सहाय

16. निराला का उपन्यास नहीं है –

(A) अप्सरा

(B) अलका

(C) कुल्ली भॉट

(D) कंकाल

17. हजारी प्रसाद द्विवेदी का उपन्यास नहीं है –

(A) वाणभट्ट की आत्मकथा

(B) अनामदास का पोथा

(C) बाधों न नाव इस ठाँव

(D) चारूचन्द्र लेख

18. नागार्जुन का उपन्यास नहीं है –

(A) बलचनमा

(B) रतिनाथ की चाची

(C) अलग अलग वैतरणी

(D) वरूण के बेटे

19. प्रेमचन्दोत्तर युग के उपन्यासकार नहीं हैं –

(A) जैनेन्द्र

(B) राही मा़सूम रज़ा

(C) श्री लाल शुक्ल

(D) रामदरश मिश्र

20. 'गोदान' मूलतः किसान कर्ज का उपन्यास है –

(A) रामदरश मिश्र

(B) राम बिलास शर्मा

(C) मधुरेश

(D) वीरेन्द्र यादव

21. 'गोदान' का प्रकाशन वर्ष है –

(A) 1935

(B) 1936

(C) 1938

(D) 1932

22. 'गोदान' उपन्यास की महिला पात्र नहीं है –

(A) मालती

(B) सिलिया

(C) सुमन

(D) झुनिया

23. प्रेमचंद का स्त्री विषयक उपन्यास नहीं है –

(A) सेवासदन

(B) निर्मला

(C) प्रेमाश्रय

(D) गबन

24. जैनेन्द्र उपन्यासकार हैं –

(A) सामाजिक

(B) ऐतिहासिक

(C) मनोवैज्ञानिक

(D) मनोरंजन प्रधान

25. 'त्याग पत्र' उपन्यास की केन्द्रीय पात्र हैं –

(A) सुनीता

(B) मृणाल

(C) शीला

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

26. जैनेन्द्र के उपन्यास के प्रकाशन के अनुसार सही क्रम है –

(A) परख, सुनीता, त्यागपत्र, कल्याणी

(B) सुनीता, परख, कल्याणी, त्यागपत्र

(C) कल्याणी, सुनीता, परख, त्यागपत्र

(D) सुनीता, परख, त्यागपत्र, कल्याणी

27. 'शेखर एक जीवनी' भाग–एक का प्रकाशन वर्ष है –

(A) सन् 1941

(B) सन् 1942

(C) सन् 1943

(D) सन् 1944

28. 'शेखर एक जीवनी' उपन्यास की महिला पात्र हैं –

(A) शशि

(B) शीला

(C) रेखा

(D) सरस्वती

29. शेखर एक जीवनी भाग–एक में विभाजित खण्डो का नाम नहीं है –

(A) उषा और ईश्वर

(B) बीज और अंकुर

(C) बंधन और जिज्ञासा

(D) प्रकृति और पुरूष

30. अज्ञेय के कथानायक शेखर का जीवन दर्शन है –

(A) व्यक्ति की स्वतन्त्रता की खोज

(B) सामाजिक समस्याओं के निदान का प्रयत्न

(C) राष्ट्रीय मुक्ति की तलाश

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

31. 'मैला आँचल' उपन्यास कथा है –

(A) शिवपाल गंज की

(B) मेरी गंज की

(C) गंगौलो की

(D) सेमरी की

32. 'मैला आँचल' का प्रकाशन वर्ष है –

(A) सन् 1950

(B) सन् 1952

(C) सन् 1954

(D) सन् 1956

33. मैला आँचल का पात्र नहीं है –

(A) प्रशांत

(B) बामन दास

(C) बलचनमा

(D) बालदेव

34. 'झूठा सच' उपन्यास के पात्र नहीं हैं –

(A) जयदेव

(B) तारामती

(C) कनक

(D) प्रमोद

35. 'झूठा सच' उपन्यास के पहले भाग का नाम है –

(A) देश और समाज

(B) वतन और देश

(C) साहित्य और समाज

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

36. 'झूठा –सच' उपन्यास त्रासदी है –

(A) युद्ध की

(B) बाढ़ की

(C) विभाजन की

(D) महामारी की

37. 'आधा गांव' उपन्यास में वर्णन है –

(A) मुहर्रम का

(B) वराफात का

(C) ईद का

(D) उपर्युक्त में से किसी का नहीं

38. 'आधा गाँव' कथा है –

(A) गंगौली गांव की

(B) शिवपाल गंज की

(C) मेरी गंज की

(D) सेमरी गांव की

39. 'आधा गाँव' के पात्र नहीं हैं –

(A) गया अहीर

(B) पृथ्वीपाल सिंह

(C) फुन्नन मिंया

(D) इफ्फन मिंया

40. सुमेलित नहीं है –

(A) आधा गाँव – राही मासूम रज़ा

(B) झूठा सच – अमृतलाल नागर

(C) त्यागपत्र – जैनेन्द्र

(D) शेखर एक जीवनी – अज्ञेय

*****